ओमान से पेमेंट सिस्टम पर वार्ता जारी, यूएस बोला-यह मंजूर नहीं

होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से अब फीस वसूलेगा ईरान

● तेहरान / राज न्यूज नेटवर्क

ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर वार्ता कर रहे हैं। एनवायटी की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के द्यमैनेजमेंट सुपरविजन एरियाद्य की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। फरवरी में यूएस-इजराइली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अफसरों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर

चर्चा शुरू की।यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसका विरोध किया। दुनिया के करीब 20 फीसदी समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है।

हमारी अनुमति से 24 घंटे में 35 जहाज होर्मुज से गुजरे

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में 35 जहाज, जिनमें तेल टैंकर और कंटेनर पोत शामिल हैं, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। आईआरजीसी ने कहा कि यह आवाजाही उसकी अनुमति और समन्वय से हुई। आईआरजीसी नौसेना ने बयान में कहा इनमें तेल टैंकरों के साथ कंटेनर जहाज भी शामिल थे।

पाक फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ईरान रवाना : इस्लामाबाद पाक के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और थल सेनाध्यक्ष, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर शुक्रवार को इरान के आधिकारिक दौरे पर रवाना हो गए। क्षेत्र में नए सिरे से संघर्ष की आशंकाओं के बीच इस्लामाबाद ने अमेरिका और इरान के बीच मध्यस्थता के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, मुनीर वरिष्ठ इरानी अधिकारियों के साथ बैठकों के दौरान अमेरिका-इरान वार्ता, क्षेत्रीय शांति और व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा के विषय पर चर्चा करेंगे।

ईरान युद्ध यूएन चार्टर का खुला उल्लंघन

ईरान ने यूएस-इजराइल के हमले को यूएन चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टाइनमायर को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। बघाई ने कहा कि फरवरी के अंत में ईरान पर हुआ अमेरिका-इजराइल हमला और उसके बाद का युद्ध संयुक्त राष्ट्र चार्टर का खुला उल्लंघन है। उनके मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश को मनमाने तरीके से दूसरे संप्रभु राष्ट्र पर बल प्रयोग का अधिकार नहीं देता।

ग्रीन कार्ड नियम सख्त: अब यूएस में रहकर आवेदन नहीं

वाशिंगटन, आरएनएन। अमेरिका ने ग्रीन कार्ड यानी स्थायी निवास से जुड़े नियमों को और सख्त कर दिया है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने नई नीति जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि अब अस्थायी वीजा पर अमेरिका में रह रहे लोग वहीं से ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। एजेंसी के अनुसार, ऐसे आवेदकों को अब अपने देश लौटकर ही स्थायी निवास की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यूएससीआईएस के प्रवक्ता जैक काहलर ने कहा कि यह बदलाव आव्रजन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सख्त बनाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब केवल असाधारण परिस्थितियों में ही अमेरिका में रहकर आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी। नई नीति के तहत हर मामले की अलग-अलग समीक्षा की जाएगी और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

नए नियम का असर मुख्य रूप से छात्र वीजा, अस्थायी कर्मचारी और टूरिस्ट वीजा पर अमेरिका आए लोगों पर पड़ेगा। अब ऐसे सभी लोगों को वीजा अवधि समाप्त होने के बाद अपने देश लौटना होगा और वहीं से ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। यूएससीआईएस ने बताया कि अधिकांश ग्रीन कार्ड मामलों की प्रक्रिया अब अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के माध्यम से विदेशों में ही पूरी की जाएगी।

भारत और साइप्रस के बीच रक्षा समेत 14 सेक्टर्स में हुए महत्वपूर्ण समझौते

पीएम व साइप्रस के राष्ट्रपति के बीच हुई द्विपक्षीय मुलाकात

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

साइप्रस के राष्ट्रपति के भारत दौरे ने कूटनीति का नया अध्याय लिख दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स की मुलाकात में 14 अहम समझौते हुए। इस मुलाकात ने ये भी साफ कर दिया है कि भारत अब छोटे लेकिन रणनीतिक रूप से अहम देशों के साथ रिश्तों को नई ऊंचाईयां देना चाहता है।

संबंधों को स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप तक पहुंचाने का ऐलान: पीएम मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति ने दिल्ली में कई अहम मुद्दों पर सीधी चर्चा की। इसी दौरान साइप्रस ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन किया है। भारत और साइप्रस के बीच इन समझौतों ने भारत की यूरोपियन यूनियन के साथ आर्थिक और सामरिक पहुंच मजबूत की है। वहीं साइप्रस को निवेश और व्यापार के बड़े केंद्र के रूप में भारत ऐसा मजबूत साझेदार मिला है।दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति निकोस और उनके बड़े डेलिगेशन का गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस के रिश्ते लोकतंत्र, कानून के शासन और संप्रभुता के सम्मान जैसे साझा मूल्यों पर टिके हैं।

द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और कारोबारी संबंध

सिबी जॉर्ज ने कहा, साइप्रस भारत में एफडीआई निवेश का नौवां सबसे बड़ा स्रोत है और ईयू के भीतर नीदरलैंड के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। 2000 से अब तक यहां से कुल लगभग 16 अरब अमेरिकी डॉलर का एफडीआई निवेश आया है। साइप्रस से होने वाला निवेश सेवा, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, कार्गो हैंडलिंग, निर्माण, शिपिंग और फार्मास्यूटिकल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है। रक्षा और समुद्री सहयोग दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरे हैं।इसी कड़ी में द्वद्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम 2026द्व की रूपरेखा तय हुई।

हरभजन सिंह बोले, पंजाब की राज्यसभा सीट कितने में बेची गई थी, बताऊं...

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

रास सांसद हरभजन सिंह ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो उन्हें गद्दार कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इन्हें यह पूछना चाहिए कि पंजाब की राज्यसभा सीट कितने में बेची गई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक कमेंट का जवाब देते हुए हरभजन सिंह ने कहा कि वे बताएंगे कि किसे कितना चढ़ावा दिया गया और किसकी ओर से।

हरभजन ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि एक राजनीतिक दल ने उनके घर के बाहर पुतला जलाया और उस पर गद्दार लिखा। उन्होंने कहा कि यह देश की जनता तय करेगी कि उन्हें कैसे याद किया जाए।

क्रिकेट से राजनीति में आए हरभजन सिंह ने कुछ ही दिन पहले आप छोड़ दी थी और अब वे भाजपा में शामिल हो गए हैं। हरभजन सिंह को आम आदमी पार्टी ने रास भेजा था। इसी विषय पर एक्स पर देवेन्दर यादव नाम के एक यूजर ने हरभजन से सवाल पूछा- जिस लीडर को आप दिन-रात भला-बुरा बोलते हैं, उसकी दी गई राज्यसभा सीट से इस्तीफा क्यों नहीं दिया। पंजाब के 800 से ज्यादा किसान भाइयों की मौत की जिम्मेदार भाजपा में जाने की आपकी मजबूरी क्या थी? आपके जमीर की कीमत कितनी लगाई आपने? हरभजन ने इसका जवाब देते हुए लिखा- समय आने पर आपकी हर बात का जवाब दूंगा। और मैं किसी लीडर को गाली नहीं देता। अपनी जुबान क्यों गंदी करूं? और मुझे गद्दार कहने वालों, पहले अपने लोगों से पूछो कि पंजाब की राज्यसभा सीट कितने में बेची गई थी। अगर नहीं बताए तो मैं आपको बताऊंगा कि किसको कितना चढ़ावा दिया गया और किसकी ओर से।

युवती ने कनाडा पुलिस से मांगा 558 करोड़ हर्जाना

जसप्रीत सिद्धू बोली, इनकी वजह से माता-पिता मरे, मुझे भी 13 गोलियां लगीं

● जालंधर / राज न्यूज नेटवर्क

पंजाबी युवती ने अपने माता-पिता की हत्या के मामले में कनाडा पुलिस पर 558.4 करोड़ रुपए के हर्जाने का केस किया है। युवती का कहना है कि उसके पेरेंट्स की हत्या पुलिस की लापरवाही के चलते हुई है।

3 साल पहले जसप्रीत कौर सिद्धू (31) के माता पिता अमृतसर से कनाडा के ओंटारियो बच्चों से मिलने आए थे। 20 नवंबर 2023 को जिस घर में वो ठहरे, वहीं कुछ हमलावरों ने जगतार सिद्धू और हरभजन सिद्धू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जसप्रीत को भी 13 गोलियां लगी थीं। अब जसप्रीत कौर ने कोर्ट में 20 मई 2026 को वकील फ्रेडरिक शूमान के जरिए कनाडा पुलिस पर केस किया है। आरोप लगाया कि पुलिस ने परिवार को किसी भी खतरे के बारे में नहीं बताया था और वहां रहने के लिए क्लीन चिट दी थी। जबकि हत्या से 4 दिन पहले ही घर का विजिट भी किया था। उधर, पुलिस का कहना है कि ये सब गलती से ये हुआ है। जसप्रीत सिद्धू ने रोते हुए बताया- मुझे उस रात की याद है मेरे माता-पिता की मेरी आंखों के सामने हत्या कर दी। पिता को मेरे सामने गोली मारी गई। मैंने अपनी मां की आखिरी चीखें सुनीं।

भारत के बाद पाक में भी बनी कॉकरोच अवामी पार्टी व लीग

● नई दिल्ली/ राज न्यूज नेटवर्क

भारत में कॉकरोच जनता पार्टी की लोकप्रियता के बाद अब पाक में भी इसी तरह ऑनलाइन राजनीतिक ग्रुप सामने आ रहे हैं। वहां कॉकरोच अवामी पार्टी और कॉकरोच अवामी लीग जैसे कई सोशल मीडिया अभियान तेजी से चर्चा में हैं।

इंस्टाग्राम पर बने कॉकरोच अवामी पार्टी पेज ने खुलकर स्वीकार किया है कि वह भारतीय अभियान से प्रेरित है। उसके बायो में लिखा है, हां कॉपी किया है, तो क्या हुआ। मकसद वही है। खबर लिखे जाने तक अकाउंट के 1600 से ज्यादा फॉलोअर्स हो चुके थे। पेज खुद को पपाक की जेन-जेड पीढ़ी की आवाज बता रहा है। इसका लोगो भारतीय पार्टी जैसा है, लेकिन रंग हरा और सफेद रखा गया है। यह खुद को पीटीआई, पीएमएल-एन और पीपीपी जैसी मुख्यधारा की पार्टियों के विकल्प के तौर पर पेश कर रहा है। वहीं, कॉकरोच अवामी लीग पाकिस्तान नाम के दूसरे अकाउंट ने खुद को आधिकारिक बताया है।

आज का इतिहास

- **1568:** नीदरलैंड ने देश स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- **1592:** वियेना में जिओरडनो ब्रूनो को धर्म विरोधी बताकर गिरफ्तार किया गया, उन्होंने कहा कि पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है, न कि सूर्य पृथ्वी के चारों ओर घूमता है।
- **1707:** सेंटोरिनी काल्डेरा में ज्वालामुखी विस्फोट शुरू हुआ।
- **1848:** ओटो लिलिएनथाल का जन्म। राइट बंधुओं से भी पहले ग्लाइडर बनाकर इंसान को पहली बार उड़ना सिखाया।
- **1915:** इटली ने मित्र राष्ट्रों-ब्रिटेन, फ्रांस और रूस की ओर से प्रथम विश्व युद्ध में प्रवेश करते हुए, ऑस्ट्रिया-हंगरी पर युद्ध की घोषणा की।

आतंकी बुरहान की हत्या का आरोपी हुआ गिरफ्तार

पुलवामा हमले में शामिल था बुरहान उसे इस्लामाबाद में दफनाया गया

● इस्लामाबाद / राज न्यूज नेटवर्क

पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अब्दुल्ला कमाल पाक के वाह कैंट का निवासी है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। दो अन्य संदिग्ध मौके से भाग निकले। आरोपी अब्दुल्ला कमाल की फोटो भी सामने आई है। हमजा बुरहान 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल था। जिसमें सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। हमजा बुरहान को इस्लामाबाद के फातिमा स्कूल में दफनाया गया। हमजा पर गुरुवार को मुजफ्फराबाद के एम्स कॉलेज के बाहर हमलावरों ने कई गोलियां चलाईं, जिनमें से तीन उसके सिर में लगीं। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हमजा बुरहान जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले का निवासी था। वह पहले आतंकी संगठन अल बद्र से जुड़ा था।

चंद्रपुर में बाघ ने 4 महिलाओं को एक साथ मार डाला

● चंद्रपुर / राज न्यूज नेटवर्क

जिले के सिंदेवाही तहसील के अंतर्गत गुंजेवाही इलाके में शुक्रवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां के जंगलों में घात लगाए बैठे एक बाघ ने तेंदूपत्ता तोड़ने गई चार महिलाओं पर जानलेवा हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश

चंद्रपुर के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी और वीभत्स घटनाओं में से एक है, जहां एक ही समय में बाघ के हमले में चार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुंजेवाही गांव की निवासी ये महिलाएं रोजमर्रा की तरह शुक्रवार सुबह गांव के पास स्थित घने जंगल में तेंदूपत्ता लेने के लिए गई थीं। महिलाएं जब काम में व्यस्त थीं, तभी झाड़ियों में छिपे बाघ ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। जंगल के भीतर चीख-पुकार मच गई, लेकिन जब तक कोई उनकी मदद के लिए पहुंचता, बाघ ने चारों महिलाओं को बुरी तरह लहूलुहान कर मार डाला था।

इस सामूहिक शिकार की खबर जैसे ही गांव में फैली, पूरे इलाके में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भारी सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। इस भयावह त्रासदी के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश और गुस्सा देखा जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि चंद्रपुर जिले में बाघों और तेंदुओं के हमले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन वन विभाग वन्यजीवों को रिहायशी इलाकों और बफर जोन से दूर रखने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है।

गबार्ड का राष्ट्रीय खुफिया निदेशक पद से इस्तीफा

पति की दुर्लभ बीमारी का दिया हवाला

● वाशिंगटन / राज न्यूज नेटवर्क

तुलसी गबार्ड राष्ट्रीय खुफिया (गुप्तचर) निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है, ताकि वह अपने पति की देखभाल कर सकें, जिनका 'हड्डी के एक बेहद दुर्लभ कैंसर' के लिए इलाज चल रहा है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। गबार्ड ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसकी जानकारी दी। उनका अंतिम कार्य दिवस 30 जून 2026 होने की उम्मीद है। अपने इस्तीफे में गबार्ड ने इस पद पर नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए आभार जताया।

इस्तीफे में उन्होंने लिखा, दुर्भाग्य से मुझे अपना इस्तीफा देना पड़ रहा है, जो 30 जून 2026 से प्रभावी होगा। मेरे पति अब्राहम को हाल ही में हड्डी के एक अत्यंत दुर्लभ प्रकार के कैंसर का पता चला है। गबार्ड ने कहा कि उनके पति आने वाले हफ्तों और महीनों में बड़ी चुनौतियों का सामना करेंगे। उन्होंने कहा, इस समय मुझे सार्वजनिक सेवा से दूर होकर उनके साथ रहना होगा और इस संघर्ष में उन्हें पूरा समर्थन देना होगा।



पति अब्राहम को अकेले नहीं छोड़ सकती: गबार्ड

उन्होंने कहा, मेरी ताकत और प्यार ने हर चुनौती में मेरा साथ दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वह अपने पति को अकेले इस संघर्ष का सामना करने के लिए नहीं छोड़ सकतीं। उन्होंने इस पद को बेहद जिम्मेदारी वाला और समय लेने वाला बताया। गबार्ड ने कहा कि उनके कार्यकाल में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक कार्यालय ने अहम प्रगति की है। उन्होंने अभूतपूर्व पारदर्शिता बढ़ाई है और खुफिया समुदाय में ईमानदारी बहाल करने की कोशिश की है। लेकिन अभी भी बहुत काम बाकी है।

उमरे मुख्यालय में बेसिक गाइड कैप्टन व रेंजर लीडर कोर्स सम्पन्न

● प्रयागराज / राज न्यूज नेटवर्क

उमरे मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में भारत स्काउट एवं गाइड ट्रेनिंग सेंटर मथुरा में आयोजित सात दिवसीय बेसिक गाइड कैप्टन ट्रेनिंग एवं बेसिक रेंजर लीडर कोर्स का समापन 21 मई को सर्वधर्म प्रार्थना के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 मई से 21 मई 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें गाइड विंग के अंतर्गत 12 बेसिक गाइड कैप्टन एवं 8 बेसिक रेंजर लीडर प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के लिए भारत स्काउट एवं गाइड की ज्योति यादव (सहायक ट्रेनर लीडर रेंजर) तथा प्रियंका महराज (सहायक लीडर ट्रेनर/गाइड लीडर रेंजर) को लीडर ऑफ द कोर्स (एलओसी) नियुक्त किया गया था।प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं प्रभावशाली तरीके से विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान कंपास एवं दिशा ज्ञान, प्राथमिक उपचार, खोज के चिन्ह, टेंट लगाना तथा विषम परिस्थितियों में बिना बर्तन के लकड़ी पर भोजन तैयार करने जैसी उपयोगी एवं चुनौतीपूर्ण गतिविधियों का अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर सहयोगी सदस्य मंजू जोशी,डिम्पल राजपूत (एचडब्ल्यूबी रेंजर लीडर), ज्योति कुमारी (एचडब्ल्यूबी गाइड) एवं प्रियंका कुमारी राय (एचडब्ल्यूबी गाइड) ने भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों के अलावा सहायक लीडर, क्वार्टर एवं सर्विस स्टाफ सहित कुल 50 सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय लीडर ऑफ द कोर्स प्रियंका महराज एवं ज्योति यादव को दिया गया, जिनके कुशल मार्गदर्शन, समर्पण एवं अनुशासित संचालन से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

GRIHUM HOUSING FINANCE
Apna Ghar. Apni Pehchan.

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाई: तृतीय तल, अलखनंदा टॉवर, सिटी सेंटर, ग्वालियर – 474011, मध्य प्रदेश

ई–नीलामी बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''सुरक्षित लेनदार'' कहा जाएगा) को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियां ''जहाँ है जैसी है'', ''जो है जैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 13–04–2026 को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम https://www.bankeauctions.com वेबसाइट पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।

बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. झ.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरक्षी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली (एच)	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K
1	ऋण संख्या HL00592100000005039185 रिंकू समरम (उधारकर्ता) गुड्डेश नवाब (सह–उधारकर्ता)	नोटिस की तारीख: 09–10–2025 कुल बकाया: रु. 957574/– (रुपये नौ लाख सत्तावन हजार पाँच सौ चौहत्तर केवल) जो 09–10–2025 तक देय है, साथ ही वसूली होने तक 13.35% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है।	भौतिक	प्रॉपर्टी का वह सारा हिस्सा, प्लॉट संख्या 194 और 195, जिसका क्षेत्रफल 1600 वर्ग फुट है; सर्वे संख्या 73, 74 और 89 का एक हिस्सा, यह गाँव जैतपुर नूराबाद, वार्ड संख्या 05, बानमोर, परगना और जिला मुरैना (म.प्र.), और बिक्री समझौते के अनुसार संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व–प्लॉट संख्या 193; पश्चिम–प्लॉट संख्या 196; उत्तर–अन्य की जमीन; दक्षिण–25 फुट चौड़ी सड़क।	रु. 600000.00/– (रुपये छह लाख मात्र)	रु. 60000.00/– (रुपये साठ हजार मात्र)	06–06–2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/–	01–06–2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	08–06–2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।

1. इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर–7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी–Support@bankeauctions.com, संपर्क व्यक्ति–धरणी पी, ईमेल आईडी– dharani.p@c1india.com संपर्क नंबर–9948182222 से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता उनसे ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी ''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड–नीलामी आय खाता,'' बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या–091551000028 और आईएफएससी कोड– ICIC0000915, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमन नगर–411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से 06.06.2026 से पहले जमा करें और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूज़र आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई–मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगी: पता: तृतीय तल, अलखनंदा टॉवर, सिटी सेंटर, ग्वालियर – 474011, मध्य प्रदेश मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई–मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई–नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com और www.grihumhousing.com पर जाएँ।

इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 30 (तीस) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।

किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो प्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।

स्थान: ग्वालियर
दिनांक: 23.05.2026

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड